# बेगमगंज से 73 तीर्थयात्री अयोध्या रवाना

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत यात्रियों का हुआ था पंजीयन



**बेगमगंज, 11 मार्च. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बुजुर्ग ( वृद्ध ) श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है.**

पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से क्षेत्र के लगभग 200 तीर्थ यात्रियों का पंजीयन किया गया है, जो अयोध्या धाम के पावन दर्शन के लिए प्रस्थान कर रवाना किए गए. वही बेगमगंज क्षेत्र से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिन श्रद्धालुओं ने आवेदन किया था और जो पात्र पाए गए हैं, वे सभी आज सुबह 8 जनपद पंचायत प्रांगण से 73 मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी,

भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश लोधी, नगर मण्डल अध्यक्ष व पार्षद अजय जाट पार्षद ब्रजेश लोधी ,राजीव दुबे, जिला प्रतिनिधि कमल साहू, राकेश भार्गव, सीताराम सोनी, शालकराम नेमा, परषोत्तम कुशवाहा, राजबाबू सेन इत्यादि ने सभी को तिलक लगाकर पुष्पमालाओं से स्वागत कर मुंह मीठा कराकर सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर रवाना किया. वहां से सभी तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन ले जाया जाएगा, जहां से रेल मार्ग द्वारा तीर्थ यात्री अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे. इस यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए शासन द्वारा पूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे वे प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम में पावन दर्शन कर अभिभूत होंगे.



## अयोध्या धाम दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को किया विदा

**सिलवानी, 11 मार्च .** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 11 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए सिलवानी क्षेत्र से श्रद्धालुओं को रवाना किया गया . भगवान श्री रामलला सरकार के दर्शन के लिए जा रहे तीर्थ यात्रियों का नगर में स्वागत किया गया . यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सभी तीर्थ यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया . उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की . इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, आनंद सहारिया सहित नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे . सभी ने श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और यात्रा के सफल होने की कामना की .

## नकतरा में तीन दिनी कृषि विज्ञान मेला आज से

**बेगमगंज, 11 मार्च.** प्रदेश सरकार के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) एवं अन्य विभागीय योजना एक जिला एक उत्पाद योजना, राज्य मिलेट मिशन योजना तथा राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल ऑयल तिलहन अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला वर्ष 2025-26 का आयोजन 12 से 14 मार्च तक सुबह 11 से शाम 04 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में किया जा रहा है. बेगमगंज के कृषि विकास अधिकारी डीके नायक ने बताया कि मेले में कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान, वन विभाग, जल संसाधन, पशु चिकित्सा विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एमपी एग्रो, जिला विपणन अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर उन्नत तकनीकी जानकारी दी जाएगी. इसके साथ ही आदान सामग्री निर्माताओं (बीज, उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक, कृषि यंत्र) द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

# भड़काऊ पोस्ट पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीओपी



**बेगमगंज, 11 मार्च. समाज में सद्भावना ओर आपसी भाईचारा कायम रहे और सभी लोग अपने त्यौहार हर्षोल्लास से मनाएं. यही सरकार की मंशा और पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है. सोशल मीडिया के जरिए भड़काऊ पोस्ट, आपत्तिजनक पोस्ट या तोड़मरोड़ कर की गई पोस्ट जो लोगों को उकसाने के लिए पोस्ट किए गए हो ऐसे ऑडियो- वीडियो रील , फोटो , संदेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे.**

एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि सामाजिक तनाव या सांप्रदायिक गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी. कोई भी व्यक्ति या ग्रुप एडमिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, टिवटर सहित अन्य माध्यम या अन्य गतिविधियों धार्मिक, जातिगत, सामाजिक, सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाले मैसेज, ऑडियो- वीडियो, फोटो पोस्ट शेयर, फॉरवर्ड, लाइक या कमेंट्स करके सद्भाव नहीं बिगाड़ पाए. उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

> उन्होंने बेगमगंज नगर के 12 , गैरतगंज 5 , देवनगर 7 , गढ़ी 3 एवं नकतरा क्षेत्र के 2 साइबर कैफे संचालकों को भी सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अपने उपभोक्ताओं का एक रजिस्टर में उसका नाम, पता, मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से दर्ज कर कैफे में वेब कैमरे में उसका फोटो एवं रिकॉर्ड सुरक्षित रखें. किसी भी व्यक्ति को बिना परिचय पत्र के इंटरनेट का उपयोग नहीं करने दें. दुरुपयोग होने की दशा में संचालक और ग्रुप एडमिन जिम्मेदार माने जाएंगे जिन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में



### एचपीवी टीकाकरण अभियान की सीएमएचओ ने की समीक्षा

**बेगमगंज, 11 मार्च .** बेटियों को सर्वाइकल कैंसर ( बच्चेदानी का कैंसर ) से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की सिविल अस्पताल में सीएमएचओ डॉ . एचआर मांडरे द्वारा समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए . सीएमएचओ डॉ . मांडरे ने सिविल अस्पताल के सभागार में सीबीएमओ डॉ . नितिन सिंह तोमर एवं बीपीएम जयसिंह की मौजूदगी में हेल्थ स्टाफ, एएनएम, एवं आशा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक में एचपीवी टीकाकरण की निर्धारित लक्ष्य को लेकर अभी तक की प्रगति की समीक्षा के दौरान अभियान को शासन की मंशा के अनुरूप शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी उपस्थितों से सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर घर पहुंचकर 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष के अंदर की किशोरियों के वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने और वैक्सीनेशन क्यों जरूरी है इससे क्या लाभ है के बारे में जागृत करने के लिए जी जान से जुट जाने का आह्वान किया . उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर होता है . जिससे बचाव के लिए टीकाकरण भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा . इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है , एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है .जिसे टीकाकरण से काफी हद तक रोका जा सकता है . महिलाओं में होने वाले गर्भाशय के कैंसर के खतरों को काफी हद तक टाला जा सकता है .

### परीक्षा में कम नंबर आए, गायब हुई छात्रा इंदौर में मिली

**बेगमगंज, 11 मार्च .** नगर की कक्षा 12वीं की छात्रा परीक्षा देने के बाद कम नंबर आने की शंका के चलते घर से अचानक गायब हो गई . परिजनों द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई . पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी . उसकी तलाश जारी थी कि इंदौर से छात्रा का फोन आया और वह सही सलामत मिल गई . थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि दुर्गा चौक शाहपुर हदाईपुर मोहल्ला निवासी भवानी राय की 17 वर्षीय पुत्री जो कि पीएमश्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा 12वीं की छात्रा है . उसने हाल ही में परीक्षा दी है लेकिन अंदर ही अंदर कम नंबर आने को लेकर आशंकित रही और मानसिक तनाव के चलते अचानक परिवार से गुस्सा करके घर से कहीं चली गई . छात्र के पिता भवानी राय द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी इस बीच इंदौर के खजराना निवासी अमजद पटेल के मोबाइल से फोन आया कि उक्त छात्रा वहां पर है और उन्होंने उसको सुरक्षित अपने यहां रखा है . तब बेगमगंज पुलिस ने उनसे कहा कि डायल 112 बुलाकर उसे पुलिस के हवाले कर दो, तो अमजद पटेल द्वारा ऐसा ही किया गया . पुलिस ने बेगमगंज से छात्रा के पिता को इंदौर रवाना किया . यहां पर वह सही सलामत मिल गई . छात्रा ने बताया परीक्षा में कम नंबर आने अथवा फेल होने के डर से वह घबराई हुई थी और उसको समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करें और बस में बैठकर वह इंदौर आ गई थी . पिता को बच्ची सुरक्षित मिल गई है .



## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**सिलवानी, 11 मार्च. मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत हाल सिलवानी में महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीता पचौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को जमीनी स्तर पर विधिक रूप से जागरूक करने एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए कानूनी साक्षरता का ज्ञान उनके तथा उनके परिवार के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है. विधिक जागरूकता के माध्यम से ही महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण संभव है.

उन्होंने बताया कि अक्सर महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति कानून की जानकारी के अभाव में आवाज नहीं उठा पाती हैं, जिसके कारण उन्हें कई प्रकार की प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ता है. उन्होंने महिलाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और उनका लाभ उठाने की सलाह दी.

# लोक अदालत के प्रचार के लिए रथ किया रवाना

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को



**बेगमगंज, 11 मार्च. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति बेगमगंज द्वारा न्यायालय परिसर बेगमगंज में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है.**

तहसील न्यायालय बेगमगंज के प्रथम जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष सविता ओगले द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट अन्ना गिलोरी माहेश्वरी एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष बुंदेला सहित अन्य अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों की मौजूदगी में लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए न्यायालय परिसर बेगमगंज से प्रचार रथ रवाना किए गए ताकि पक्षकारों को लोकअदालत की जानकारी मिलते ही अपने प्रकरण में आपसी राजीनामे के लिए तैयार हो जाएं.

प्रथम जिला न्यायधीश सविता ओगले ने कहा कि शनिवार 14 मार्च को चारों न्यायालय में लंबित राजीनामा योग अपराधिक प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण के क्लेम प्रकरण भरण पोषण फिर कारण घरेलू हिंसा पारिवारिक मामले एवं अपराधिक सिविल राजीनामा युग अपील श्रम विभाग विद्युत विभाग प्रकरण सहित समस्त दीवानी एवं फौजदारी मामलों को रखा जाएगा इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद के संपत्ति कर जलकर वसूली प्रकरण एवं सभी बैंकों के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किए जाएंगे.

उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील कि अपने-अपने पक्षकारों को आपसी राजीनामा के लिए राजी करके लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराएं ताकि लोगों के बीच बढ़ती आपसी शत्रुता एवं मुकदमेबाजी से उन्हें छुटकारा मिल सके.

# वनकर्मियों पर मारपीट, झूठा केस दर्ज करने का आरोप

- मंसूरी समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग



**सिलवानी, 11 मार्च. बुधवार को मंसूरी समाज के लोगों ने वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपा. समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने षड्यंत्रपूर्वक एक युवक के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कर उसे मारपीट कर जेल भेज दिया. मामले की निष्पक्ष जांच संभागीय स्तर पर कराने की मांग की गई है.**

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खैरी निवासी अजीम खां के पुत्र आजाद खां ने कुछ समय पहले खमरिया बीट क्षेत्र में जंगल की इमारती सागौन लकड़ी की अवैध कटाई को लेकर वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी. समाज के लोगों का आरोप है कि इसी शिकायत से नाराज होकर विभाग के कर्मचारियों ने बदले की भावना से कार्रवाई की.

आरोप है कि 25 फरवरी 2026 को वन परिक्षेत्र पश्चिम

सिलवानी के नाकेदार पुरुषोत्तम रजक, नाकेदार हरिनारायण, रेंजर महेंद्र सिंह पलेचा, गोवर्धन जाटव और डिप्टी रेंजर श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारियों ने आजाद को उसके घर से उठाकर ले गए और उसके साथ मारपीट की. इसके बाद हिरासत में उससे जबरन कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए.

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि वन विभाग के कर्मचारियों ने सॉभर के सींग रखकर उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया. वहीं 26 फरवरी को विभागीय कर्मचारी उसके घर पहुंचे और नियम विरुद्ध तरीके से घर में घुसकर तलाशी ली तथा परिवार के महत्वपूर्ण दस्तावेज और जंगल कटाई से संबंधित प्रमाण अपने साथ ले गए. परिवार का कहना है कि जिस समय आजाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया.



# नाबालिग ने खुद ही रची थी अपहरण की कहानी

- कथित 'अपहरण' का सच 2 घंटे में आया सामने

**बेगमगंज, 11 मार्च. सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक नाबालिग के कथित अपहरण की खबर से हड़कंप मच गया था. खेत पर बाइक खड़ी मिली, मोबाइल बंद था और परिजनों को फोन कर अपहरण की कहानी सुनाई गई. लेकिन सुल्तानगंज पुलिस की तत्परता और थाना प्रभारी श्यामराज सिंह राजपूत की सूझबूझ से महज दो घंटे में पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया.**

मामला सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के खजुरिया गुसाई गांव का है. मंगलवार शाम करीब 6 बजे 17 वर्षीय नाबालिग खेत पर बाइक खड़ी कर अचानक गायब हो गया. मोबाइल बंद होने से परिजन घबरा गए और ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.

इसी दौरान परिजनों के मोबाइल पर नाबालिग का फोन आया. उसने बताया कि तीन लोग उसे कार में उठाकर ले गए और बेहोश कर दिया. होश आने पर वह सहजपुरी के पास कार से कूदकर भाग निकला. सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और परिजनों के साथ मौके पर पहुंची और नाबालिग को थाने लेकर आई. थाना प्रभारी राजपूत ने जब उससे विस्तार से पूछताछ की तो शुरुआत में वह गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती और समझाइश के बाद सच्चाई सामने आ गई.

> नाबालिग ने बताया कि वह घरवालों को बताए बिना भोपाल काम करने जा रहा था. खेत पर बाइक छोड़कर मोबाइल एयरोप्लेन मोड में कर बस में बैठ गया, लेकिन गलत बस में बैठने के कारण वह सहजपुरी पहुंच गया. घरवालों की डांट के डर से उसने अपहरण की झूठी कहानी बना दी. पुलिस की त्वरित कार्रवाई से महज दो घंटे में पूरा मामला साफ हो गया और क्षेत्र में फैल रही अफवाहों पर भी विराम लग गया.

**समस्या** ▶ कलेक्टर से नए बोरवेल की मांग, महिलाएं 2 किमी दूर से ला रही पेयजल

# बोरवेल सूखने से बांसिया गांव में गहराया जल संकट

**अदनान खान, नवभारत**
**सलामतपुर, 11 मार्च. जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत अम्बाडी ग्राम बंसिया में नल-जल योजना का बोरवेल सूख जाने से ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है. मार्च माह में ही बोरवेल सूख जाने से गांव के लोगों को पानी के लिए करीब दो किलोमीटर दूर खेतों तक जाना पड़ रहा है.**

ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो गर्मी की शुरुआत है, लेकिन इससे पहले ही पानी की समस्या गंभीर हो गई है. गांव की महिलाओं और बच्चों को रोजाना दूर से पानी लाना पड़ रहा है.



समस्या को लेकर जनपद सदस्य प्रतिनिधि चरण सिंह ग्रामीणों के साथ रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नए बोरवेल खुदवाने तथा गांव में टंकी निर्माण कराने की मांग की. उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो भीषण गर्मी में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है. ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है.

### इनका कहना है

बांसिया गांव में नलजल योजना का बोर सूख गया है . और गर्मी के सीजन की शुरुआत में ही गांव की महिलाओं को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रही है . वहीं योजना के पाइप भी कई स्थानों पर लीकेज हो रहे हैं . पानी की समस्या बहुत ही विकराल बनी हुई है . पीने के लिए भी पानी किसानों के खेत से लाना पड़ रहा है . हम जनसुनवाई में रायसेन कलेक्टर को आवेदन देकर नए बोरवेल कराने और टंकी निर्माण की मांग करने आए हैं .

**चरण सिंह,** जनपद सदस्य प्रतिनिधि .

योजना का बोर सूख जाने से हमारे मवेशी भी प्यासे मर रहे हैं . उन्हें कहां से पानी पिलाएं किसानों के खेत में लेकर जा नहीं सकते क्योंकि अभी खेतों में फैसले खड़ी हुई है . पानी की समस्या बहुत ही गंभीर हो रही है . अब हमारी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए .

**फूलबाई,** ग्रामीण महिला

गांव में नल जल योजना का बोर सूख गया है . हमें प्रतिदिन 2 किलोमीटर दूर से पीने के लिए पानी लाना पड़ रहा है . हमने पहले भी जनसुनवाई में समस्या से संबंधित शिकायत की थी लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है .

**चंदाबाई,** ग्रामीण महिला .

### गांव में बनी हुई जल संकट की स्तिथि

सांची जनपद पंचायत की अम्बाडी ग्राम पंचायत के बांसिया गांव में इस योजना के तहत नई पाइप लाइन तो बिछाई गई हैं . साथ ही लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन भी कहीं दिए गए हैं . कहीं नही दिए गए हैं . नल कनेक्शन होने से लोगों को उम्मीद बंध गई थी कि उन्हें अब पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा . लेकिन ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है . अब तो योजना का बोर ही सूख गया है . वहीं गांव में सिर्फ 1 या 2 ही हैंडपंप है उसमें से 1 खराब और दूसरे से कम पानी कम आ रहा है .